डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | कृष्ण ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-2 -2083 | भोपाल,दिन मंगलवार, दिनांक 02 जून,2026

न्यूज गैलरी

ट्रेन पकड़ने के प्रयास में महिला के कटे दोनों पैर

इटारसी। इटारसी रेलवे जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर-4 पर सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। जबलपुर निवासी 25 वर्षीय अंजलि ठाकरे अपने तीन वर्षीय बेटे के साथ ट्रेन पकड़ने की कोशिश कर रही थी। इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वे ट्रेन की सफेद में आ गईं। हादसे में उसका एक पैर जांघ के पास से और दूसरा पंजे के पास से कट गया। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। महिला का उपचार जारी है।

प्रदेश में तबादलों का दौर शुरू

भोपाल। मध्य प्रदेश सरकार की नई तबादला नीति के तहत सोमवार से अधिकारियों और कर्मचारियों के स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह अभियान 15 जून तक चलेगा। विभिन्न विभागों में प्रशासनिक और स्वैच्छिक आधार पर तबादले किए जाएंगे। सरकार का फोकस सही समय से खाली पड़े पदों को भरने और प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत बनाने पर है। विभागों को निर्धारित समय सीमा में प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर फिर महंगा

भोपाल। कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी की गई है। 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल सिलेंडर के दाम में 42 रुपए और 5 किलोग्राम वाले छोटे सिलेंडर में 10 रुपए की वृद्धि हुई है। नई दरें सोमवार प्रभात से लागू हो गई हैं। बढ़ी हुई कीमतों का असर होटल, रेस्टोरेंट और छोटे कारोबारियों पर पड़ेगा। घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया गया है।

मई में यूपीआई ने बनाया नया रिकॉर्ड

नई दिल्ली। देश में डिजिटल भुगतान का दायरा लगातार बढ़ रहा है। एनपीसीआई के अनुसार मई 2026 में यूपीआई के जरिए 29.90 लाख करोड़ रुपए का रिकॉर्ड लेन-देन हुआ। आईपीएल 2026 और गर्मी की छुट्टियों के दौरान ऑनलाइन भुगतान में बढ़ोतरी को इसका प्रमुख कारण माना जा रहा है। लेन-देन के मूल्य में करीब 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यूपीआई ने डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में नया अंतर्राष्ट्रीय स्थापित किया है।

जेईई एडवांस्ड 2026 का परिणाम घोषित

नई दिल्ली। जेईई एडवांस्ड 2026 के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। आईआईटी दिल्ली जोन के शुभम कुमार ने 360 में

संचालक मंडल की बैठक | मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मप्र यात्री परिवहन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के संचालक मंडल की बैठक

इंदौर संभाग से होगा बसों का संचालन पड़ोसी 4 राज्यों में भी अंतर्राज्यीय सेवा

बसों के किराए से लेकर यात्रियों की सुविधाओं का पूरा खाका तैयार किया गया है। कंपनी की पहली बैठक में यह तय हुआ

डीआर संवाददाता।। भोपाल

मप्र में जुलाई महीने से सार्वजनिक बस सेवा शुरू हो जाएगी। प्रदेश में एक साथ 5206 बसें चलाने का खाका सोमवार को तैयार हो गया। पहले चरण में कुल 2432 बसें जबकि सभी चरणों को मिलाकर कुल 7 क्षेत्रों के 55 जिलों व चार राज्यों महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात व उप्र में कुल मिलाकर 5206 बसें संचालित होंगी। बसों के किराए से लेकर यात्रियों की सुविधाओं आदि का पूरा खाका तैयार किया गया है। मप्र ई बस सेवा के तहत इंदौर शहर में 150 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन भी साथ होगा। राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना के लिए मप्र यात्री परिवहन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का गठन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के तहत बसों के संचालन के लिए गठित मप्र यात्री परिवहन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के संचालक मंडल की बैठक हुई। बैठक में बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह तथा मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बोर्ड के प्रबंध संचालक मनीष सिंह ने डिटेल प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया कि संपूर्ण मप्र को 7 क्षेत्रों इंदौर, उज्जैन, भोपाल, जबलपुर, सागर, ग्वालियर एवं रीवा में बांटा गया है। उन्होंने बताया कि संपूर्ण मप्र को 7 क्षेत्रों इंदौर, उज्जैन, भोपाल, जबलपुर, सागर, ग्वालियर एवं रीवा में बांटा गया

जुलाई से कुल 5206 बसें होंगी संचालित

इंदौर से प्रदेश के अन्य जिलों में कुल 121 मार्ग चिन्हित, जिन पर 608 बसें चलेंगी

सात क्षेत्रों में सभी श्रेणी के 1164 मार्ग चिन्हित

पीएम ई बस सेवा के तहत इंदौर शहर में शुरू होगा 150 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन

कमिश्नरों के संयोग से जानकारी दी। बसों का यह संचालन मोटरयान अधिनियम 1988 की सुरक्षा प्रावधानों के तहत, स्कीम के प्रावधान अनुसार होगा तथा इसमें वर्तमान संचालित निजी बसों के अनुज्ञा-पत्र पर कोई प्रभाव नहीं आएगा।

बस क्षेत्रों के जिलों के रूटों पर चलेंगी 1423 बसें

- इंदौर क्षेत्र - 131 मार्ग 607 बसें
- उज्जैन क्षेत्र - 130 मार्ग 281 बसें
- भोपाल क्षेत्र - 104 मार्ग 297 बसें
- जबलपुर क्षेत्र - 72 मार्ग 209 बसें

बसें शहर से आगे महत्वपूर्ण उप नगरीय क्षेत्रों तक भी जा सकेंगी

बात क्षेत्रों में निजी बसों का संचालन भी किया जाएगा। यह बसें यात्रियों की सुविधा के लिए शहर से आगे महत्वपूर्ण उप नगरीय क्षेत्रों तक भी जा सकेंगी। इस योजना के तहत इंदौर में कुल 28 मार्ग शहर के अंदर एवं उप नगरीय क्षेत्रों तक चिन्हित किए गए हैं तथा इनमें आमजन की सुविधा के लिए 784 बसें (पीएम ई-बस सेवा की 150 बसों को मिलाकर) संचालित की जाएंगी।

महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान एवं उप्र के लिए 101 बसें चलेंगी

इंदौर क्षेत्र से महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान एवं उत्तरप्रदेश राज्यों के लिए जाने वाली बसों के मार्ग अनुसार कुल 101 बसें चलेंगी। इसमें कुल 270 अंतर्राज्यीय बसों का संचालन अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट लिमिटेड से किया जाएगा। इंदौर से प्रारंभ होने वाली अन्तर्राज्यीय सिटी बसें एवं अंतर्राज्यीय कुल मार्गों की संख्या क्रमशः 250 है। इसमें कुल 1888 बसों का संचालन किया जाना प्रस्तावित है। प्रबंध संचालक सिंह ने बताया कि जिस प्रकार से इंदौर क्षेत्र से शहर सीमी श्रेणी की बसों का संचालन पर किया जाएगा, इसी प्रकार अन्य 6 क्षेत्रीय मुख्यालयों से भी इन सीमी श्रेणी की बसों का संचालन विभिन्न मार्गों पर चार तीन की संख्या में प्रारंभ किया जाएगा।

अभद्र भाषा का प्रयोग पद की गरिमा के अनुरूप नहीं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को संबुद्धि प्रदान करने युवक कांग्रेस ने किया यज्ञ

डीआर संवाददाता।। अब्दुल्लागंज

मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा की गई आपत्तिजनक एवं अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में सोमवार को नगर में युवा कांग्रेस द्वारा सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया।

युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष पंकज नागर के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को सद्बुद्धि प्रदान करने एवं सार्वजनिक जीवन में मर्यादित भाषा के प्रयोग की कामना की गई। पदाधिकारी ने कहा

कि अब्दुल्लागंज में वैचारिक मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग पद की गरिमा के अनुरूप नहीं है। कार्यक्रम में कांग्रेस वर्षेय रामेश्वर खटीक, रामाशंकर यादव, संजू मेहरा, मनोज खान, सोनी नागर, वीरेंद्र नारायणी, उमेश राजपूत, कार्तिक खान, नवेद खान सहित अन्य कांग्रेस उपस्थित रहे।

सीबीआई ने दिशा के वजन के पुतले से रीक्रिएट किया क्राइम सीन, जाना- गिरिबाला-समर्थ की कहानी,

पूछताछ के बीच भड़का समर्थ, जांच टीम को उंगली दिखाई, गिरिबाला भी रागझाती दिखी

समर्थ के दोस्तों पर गवाह को पीटने का आरोप

डीआर संवाददाता।। भोपाल

सीबीआई (एजे) ने भोपाल में दिशा शर्मा की मौत का सच जानने के लिए पूर्व जिला जज गिरिबाला सिंह के घर पर क्राइम सीन रीक्रिएट किया। दिशा की लाश और वजन के बराबर एक ठगी पुतले का इस्तेमाल कर करीब एक तीन घंटे तक जांच की गई।

क्राइम सीन के दौरान यह बात सामने आई कि घटना की रात दिशा के हाथ को कसे से रस्सी से बांधा गया था। उसके मुंह में कपड़ा ठूंसा गया था। इसके बाद उसी को पलंग पर लिटाकर देखा गया।

इस पूरी प्रक्रिया के बाद भी दिशा के शरीर पर किसी

तरह खरोंच, रगड़ या चोटों की वजह साफ नहीं हो सकी। इसके अलावा, बुरहानपुर पुलिस थाने में जिस पेटी (ट्रंक) का जिक्र था, उसकी भूमिका भी स्पष्ट नहीं हुई क्योंकि वह पेटी जब्ती सूची (निरस्तम सर्च) में शामिल नहीं है।

पूछताछ के दौरान मुख्य आरोपी समर्थ सिंह अचानक गुस्से पर और जांच टीम को उंगली दिखाकर आपत्ति जताते हुए नीचे उतरने लगे, जिन्हें अधिकारियों ने वापस बुलाया। वहीं गिरिबाला सिंह भी सिर पकड़कर सीबीआई के सामने अपनी बात रागझाती नजर आईं। दूसरी ओर, इस मामले की एकाउंटेंट (एंड) जांच के पंचनामा गवाह नीरज दुबे ने आरोप लगाया है कि समर्थ के दोस्तों ने उन पर हमला किया और गवाही देने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इसकी शिकायत पुलिस में दर्ज कराई गई है।

गारंटी अवधि वाली सड़कों के प्रस्ताव भेजने पर 9 इंजीनियरों को नोटिस

भोपाल। लोक निर्माण विभाग (पीएचईडी) ने परफॉर्मेंस गारंटी अवधि में शामिल 19 सड़कों के दोबारा निर्माण और लाइट टॉपिंग के प्रस्ताव भेजने वाले 9 इंजीनियरों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। इन अधिकारियों ने करीब 140 करोड़ रुपए के प्रस्ताव शासन को भेजे थे, जबकि संबंधित सड़कों के रखरखाव की जिम्मेदारी ठेकेदारों की थी। विभाग ने 15 दिन के भीतर जवाब मांगा है। नोटिस में कहा गया है कि अधिकारियों ने नियमों के विपरीत गारंटी अवधि के दौरान नई लागत तैयार कर प्रस्ताव तकनीकी स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भेजे।

दो पक्षों में विवाद के बाद फायरिंग चाकूबाजी, आधा दर्जन घायल

डीआर संवाददाता।। भोपाल

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित बरेला गांव में मुख्य मोटर के पास खेल मैदान पर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। शुरुआती तकरारी से शुरू हुआ विवाद इस कदर बढ़ा कि एक पक्ष की ओर से दो फायर कर दिए गए, जबकि दूसरी पक्ष की ओर से चाकूबाजी हुई। फायर होने से एक युवक को पीठ पर गोली लगी है, जबकि उसके साथी के कान के पास से गोली निकल गई। इसी प्रकार चाकूबाजी में एक युवक को पीठ में गंभीर चोट आई है। उसी पीठ में 130

टांके आए हैं। विवाद एक युवती को लेकर हुआ था। पुलिस ने लापरवाह प्रकरण दर्ज किया है। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पुलिस के अनुसार 23 साल का मुकुलराम उर्फ गोलू, बरेला गांव लालघाटी में रहता है और केटरिंग का काम करता है। उसका साहिल से किसी युवती को लेकर पुराना विवाद है। मुकुलराम और साहिल का 31 मई को बात विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर साहिल ने अपने दोस्त मोहम्मद कैफ निवासी टीलाजमालपुरा को बुला लिया। मोहम्मद कैफ अपने नाबालिग साथी के साथ पिस्टल लेकर पहुंचा था। उसके साथ रहमान उर्फ गोलू भी था। सभी लोग देर रात मुक्ता मंदिर के पास खेल मैदान में मिले। वहां बहस होने के बाद विवाद बढ़ गया। विवाद बढ़ने पर हाथापाई और चाकूबाजी होने लगी। साहिल की तरफ से पहुंचे मोहम्मद कैफ को लगा कि दूसरा पक्ष भारी हो रहा है लिहाजा उसने अपने पास रखी पिस्टल निकालकर दो फायर कर दिया। एक गोली मंजूर उर्फ जनि की जांघ पर पीछे की तरफ लगी, जबकि एक गोली मुकुलराम के कान से टकराते हुए निकल गई। जवाबी हमले में दूसरे पक्ष की ओर से चाकूबाजी की गई। इससे मुकुलराम को पीठ में गंभीर चोट आई है। उसकी पीठ में 130 टांके आए हैं। पुलिस ने बरेला गांव निवासी मुकुलराम (25) की शिकायत पर रहमान उर्फ गोलू, मोहम्मद कैफ सहित नाबालिग पर हत्या की प्रयास की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है, जबकि मोहम्मद कैफ की शिकायत पर मुकुलराम, साहिल, आरिफ, शनि उर्फ जनि सहित पर हत्या के प्रयास की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

स्पीकर तोमर से कांग्रेस के 5 विधायकों की मुलाकात

डीआर संवाददाता।। भोपाल

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के शिवराज दीपे के दौरान कांग्रेस के 5 विधायकों की मुलाकात से विधायक गरमा गई है। ये सभी विधायक वरिष्ठ नेता कमलनाथ खेमे से हैं।

विधायकों ने कहा विकास पर बातचीत

इन विधायकों ने कहा कि यह मुलाकात क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर हुई, इसका राज्यसभा चुनाव से कोई संबंध नहीं। उन्होंने कहा कि हमने अपने विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए पर्याप्त बजट नहीं मिलने का मुद्दा उठाया।

महिला से ठगी | कहा- आपको एक दो और पांच के पुराने नोटके बदले मिलेंगे साढ़े22 लाख रुपए

पुराने नोटमांगकर साढ़े 22 लाख का इनाम देने का झांसा देकर जालसाज ने महिला से की 1 लाख 91 हजार की ठगी

डीआर संवाददाता।। भोपाल

गुनगा थाना क्षेत्र निवासी गांव कलारा ने साइबर जालसाज ने महिला को एक सौ और पांच के पुराने नोट के नाम पर 1 लाख 91 हजार 640 रुपए का चूना लगा दिया। साइबर ठग ने कहा था कि यदि आपके पास ट्रैक्टर और हिरन छिंट वाले एक दो और पांच के पुराने नोट हैं, तो आप मालामाल हो जाओगी।महिला ने उसी नोट के बारे में विज्ञापन देखा। विज्ञापन में लिखा था कि यदि आपके पास एक, दो और पांच के पुराने नोट जो अब चलन से बाहर हो चुके हैं तो आप बहुत जल्द मालामाल हो सकते हो। महिला ने दिए हुए नंबर पर कॉल किया। कॉलर ने कहा कि वाट्सएप नंबर पर नोट की फोटो भेजो, महिला ने वाट्सएप पर अलग-अलग नोटों की फोटो भेज दी। कॉलर ने कहा कि इन सभी नोट की अलग-अलग डिमांड के अनुसार आपको कुल साढ़े 22 लाख रुपए का इनाम मिलेगा।

चार खातों में कराए 1 लाख 91 हजार 640 रुपए

साइबर जालसाज ने इनाम की राशि भेजने के नाम पर रजिस्ट्रेशन फीस और अन्य चार्ज बताकर लगभग 1 हजार 640 रुपए अलग अलग खातों में ट्रांसफर करा लिए। उसने कहा कि हमबात की उक्त राशि आपके घर भेजी जाएगी। रुपए देने के साथ अलेपी अपने मोबाइल फोन बंद कर दिए। अंतिम शिकायतों को लगा कि वह मोबाइली की शिकार हो गई है तो उसने तत्काल सुनगा पुलिस से संपर्क किया था। गुनगा पुलिस ने महिला की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि फोन नेटवर्क नंबर के माध्यम से अंतिम के तब की हुई है। इसके अलावा चार अलग-अलग अकाउंट में पैसे ट्रांसफर हुए हैं। पुलिस मोबाइल नंबर सहित अकाउंट नंबर के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

बाइक अनियंत्रित होकर किसली गंभीर चोट आने से युवक की मौत

भोपाल। बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित स्टेट हैंगर के पास बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में बाइक सवार युवक को गंभीर चोट आई थी। वापस 112 उसे घायल अवस्था में अस्पताल लेकर पहुंची थी। वहां इलाज के दौरान सोमवार सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव दौरान के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार आशिक लोधी (22) पानी की टंकी के पास गांव गेवरी में

प्रदेश में बदला मौसम, श्योपुर रहा सबसे ठंडा कई जिलों में आंधी-बारिश

डीआर संवाददाता।। भोपाल

मध्य प्रदेश में मौसम के दौरान मौसम ने अचानक करवट ले ली। पिछले 24 घंटे में प्रदेश के कई जिलों में तेज आंधी, बारिश और ओला वृष्टि दर्ज की गई। मौसम में आए बदलाव से दिन और रात के तापमान में भारी गिरावट हुई है। श्योपुर में सबसे अधिक 26 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई, जहां न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री सेल्सियस रहा। यह तापमान प्रदेश के हिल स्टेशन पचमढ़ी से भी कम रहा।

मौसम विभाग के अनुसार सतना में करीब एक इंच, बैतूल में पौन इंच और श्योपुर में आधा इंच से अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई। भोपाल,

इंदौर, उज्जैन, सीहोर, शिवपुरी, देवास, धार, खंडवा, हरदा और अन्य जिलों में भी बारिश और तेज हवाओं का असर देखने को मिला।

बारिश के चलते लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। वहीं नीमच जिले के सिंगोली में जर्जर मकान की छत गिरने से मां-बेटे की दर्दनाक मौत हो गई। मौसम विभाग ने सतना, रीवा, सीधी, उमरिया, जबलपुर समेत 13 जिलों में अगले कुछ घंटों के दौरान 40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है।

मध्य प्रदेश में मानसून की एंट्री 20 से 22 जून के बीच होने के आसार हैं। इससे पहले अगले चार दिनों तक प्रदेशभर में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का दौर जारी रहेगा। लगातार बदलते मौसम ने गर्मी की तपिश को फीका कर दिया है और अधिकांश जगहों में तापमान 40 डिग्री से नीचे पहुंच गया

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर कृष्ण ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-2 -2083 सीहोर, दिन मंगलवार, दिनांक 02 जून, 2026

न्यूज गैलरी

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल

बुधनी। नगर के ओवरब्रिज पर शनिवार रात तेज रफ्तार आयशर ट्रक की टक्कर से एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। परिवारी आजम बेग की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार युवक मोटरसाइकिल से बुरुज्जा गया। फॉरेन्सी जा रहा था, तभी ट्रक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने ट्रक जब्त कर अज्ञात चालक की तलाश शुरू कर दी है।

संबल योजनाः आवेदन समय पर निपटाएं

सीहोर। मुख्यमंत्री आर्थिक कल्याण संबल योजना के तहत मिले आवेदनों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि जिन आवेदनों में कमी है या दस्तावेज अधूरे हैं, उन्हें अधिकारी और कर्मचारी खुद पहल कर पूरा कराएं। इससे पात्र हितग्राहियों हितग्राहियों को आर्थिक सहायता का लाभ जल्दी मिल सके।

कृत्रिम हाथ लगते ही खुद पानी पिया, लिखा भी

सीहोर। रोटरी क्लब के सहयोग से नागपुर जिले के मेहरावन निवासी भवन सिंह को कृत्रिम हाथ लगाए गए। जानकारी के परिवारिक खर्च के दौरान सामाजिकी राजेश लालीय की मुहाकाल वाहन में हुई थी। रिकॉर्ड देखकर राजेश ने कृत्रिम हाथ दिलाने का संकल्प लिया। कृत्रिम हाथ लगने के बाद राजन ने खुद पानी पिया। पेन पकड़कर कुछ लिखा। यह देखकर मौजूद लोग भावुक हो गए।

पीएम श्रमयोगी मानधन योजना में करें पंजीयन

सीहोर। कलेक्टर ने संगठित क्षेत्र के श्रमिकों की भविष्य की आर्थिक सुरक्षा को देखते हुए सभी निर्माण विभागों के अधिकारियों को प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना में ज्यादा से ज्यादा श्रमिकों का पंजीयन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में निर्माण कार्य जिन कार्यालयों के जारी पंजीयन कराया जाए। ठेकेदारों के जरिए भी श्रमिकों का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए।

निर्देशक गोशालाओं में नियमित स्वास्थ्य जांच हो

सीहोर। कलेक्टर ने गोशालाओं में रह रहे पशुओं का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराए जाने और बीमार पशुओं के इलाज की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है। पशुओं के लिए पर्याप्त चारा, भूसा, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता बनी रहे।

बारिश के आसार तेज बारिश के कारण शहर की सड़कें पानी से तरबतर हो गई

तेज हवाओं संग झमाझम बारिश, गर्मी से मिली राहत, मानसून की दस्तक के संकेत

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिले में सोमवार को मौसम ने अचानक करवट लेते हुए लोगों को भीषण गर्मी से राहत दिलाई। दोपहर तक तेज धूप और उमस से लोग परेशान थे, लेकिन दोपहर बाद आसमान में घने काले बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई और वातावरण में ठंडक घुल गई। मौसम के इस बदले हुए मिजाज ने लोगों को राहत की सांस लेने का अवसर दिया।

सोमवार सुबह से ही सीहोर और आसपास के क्षेत्रों में तेज धूप का असर बना हुआ था। दोपहर तक उमस और गर्मी के कारण लोग घरों से बाहर निकलने में असहज महसूस कर रहे थे। बाजारों और सड़कों पर भी गर्मी का असर साफ दिखाई दे रहा था।

हालांकि दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट ली और आसमान में काले बादल छा गए। इसके साथ ही तेज हवाएं चलना शुरू हुईं और कुछ ही देर में बारिश का दौर शुरू हो गया। बारिश से गर्मी सहते लोगों ने सिवा मौसम का आनंद लेते बारिश के कारण शहर की सड़कों पानी से तरबतर हो गईं। कई स्थानों पर लोगों ने बारिश का आनंद लिया और लंबे समय बाद गीलापन में आई ठंडक का स्वागत किया। बच्चों और युवाओं में बारिश को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। वहीं दुकानदारों और राहगीरों को अचानक हुई बारिश के बीच के लिए आश्रय लेना पड़ा।

कई दिनों की तपिश से मिली राहत

पिछले कई दिनों से जिले में लगातार तेज गर्मी और उमस का असर बना हुआ था। दिन के समय तापमान बढ़ने से जनजीवन प्रभावित हो रहा था। सोमवार को हुई बारिश के बाद मौसम काफी सुहावना हो गया। ठंडी हवाओं के झोंकों लोगों को राहत मिली और शाम तक वातावरण में ताजगी बनी रही। मौसम में आई इस तब्दीली का असर लोगों के चेहरों पर भी साफ दिखाई दिया।

प्री-मानसून गतिविधियों का असर

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार जून की शुरुआती तिथियों में इस प्रकार की बारिश और गरज-चमक प्री-मानसून गतिविधियों का हिस्सा होती है। बिजार की तेज गर्मी के कारण जमीन अत्यधिक गर्म हो जाती है, जिससे गर्म हवा तेजी से ऊपर उठती है। वातावरण में नमीयुक्त नमी के साथ यह प्रक्रिया स्थानीय स्तर पर

किसानों के लिए भी राहत भरी खबर

मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार सीहोर जिले में 20 से 22 जून के बीच मानसून सक्रिय हो सकता है। तब तक रुक-रुक कर होने वाली प्री मानसून बारिश खेतों में नमी बढ़ाने का काम करेगी। इससे खरीफ सीजन की तैयारियों में जुटे किसानों को लाभ मिलेगा। किसानों सोमवार को बारिश के न बोवाई मौसम को सुहावना मानना है बल्कि लोगों को भीषण गर्मी से राहत देकर मानसून के आगमन की उम्मीदों को भी मजबूत कर दिया है।

घने बादलों का निर्माण करती है, जो बाद में तेज हवाओं और बारिश का कारण बनते हैं।

अरब सागर से आई नमी बनी वजह

आरएचई कॉलेज में मौसम विशेषज्ञ एल्फ्रेड लोमर का कहना है कि अरब सागर से आने वाली पश्चिमी हवाओं ने इस समय प्रवेश नहीं मौजूदा है। जब यह नमी स्थानीय गर्म वातावरण के संपर्क में आती है तो मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिलता है। सोमवार को हुई बारिश भी इसी मौसमीय प्रक्रिया का परिणाम मानी जा रही है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि आने वाले दिनों में भी इस तरह की गतिविधियां जारी रह सकती हैं।

छेड़छाड़ करने वाले युवक की युवती ने जूतों से की पिटाई,

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर शहर में सोमवार दोपहर एक युवती ने छेड़छाड़ करने वाले युवक का सरेराह डटकर मुकाबला किया। मौके पर मौजूद लोगों ने पास हुई इस घटना का वीडियो भी बनाने आरंभ है, जिसमें युवती आरोपी युवक को जूते से पीटती नजर आ रही है। घटना के दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने भी युवती का समर्थन करते हुए युवक को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवती सड़क से गुजर रही थी। इसी दौरान एक युवक ने उस पर फब्तियां कसनी शुरू कर दी और लगातार अभद्र व्यवहार करता रहा। शुरुआत में युवती ने उसकी हरकतों को नजरअंदाज किया, लेकिन युवक के नहीं मानने पर उसने विरोध करने का फैसला किया।

युवती ने बिना डरे आरोपी का सामना किया और अपना पूरा शिकाकलम उसकी पिटाई शुरू कर दी। अचानक हुए इस विरोध से युवक घबरा गया। शोर-शराबा सुनकर आसपास मौजूद राहगीर और स्थानीय लोग भी मौके पर पहुंच गए।

लोगों ने युवक को पकड़ लिया और उसके व्यवहार पर नाराजगी जताते हुए उसे सख्त सिखाया।

घटना के दौरान कुछ देर तक मौके पर अफरा-तफरी का माहौल रहा और बड़ी संख्या में लोग वहां जमा हो गए। किसी ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

कोतवाली थाना प्रभारी रविंद्र यादव ने बताया कि पुलिस को घटना की जानकारी मिली है, लेकिन अभी तक युवती की ओर से कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर मामले की जांच कर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने लोगों से ऐसी घटनाओं की तुरंत सूचना देने और शिकायत दर्ज कराने की अपील की है।

दो कौड़ी वाले बयान पर सीहोर में भी बवाल, कांग्रेस ने दिया धरना, पुलिस लाठीचार्ज के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

डीआर संवाददाता»सीहोर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को लेकर दिए गए एक विवादित बयान के बाद पूरे मध्य प्रदेश सहित जिले में भी सियासी गरमा गर्मी हो गया है। मुख्यमंत्री के इस बयान से आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा है। आष्टा में कांग्रेसियों ने एक प्रदर्शन किया, जिसे काबू में करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज तक करना पड़ा। इस पूरी घटना के विरोध में सोमवार को आष्टा में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। मुख्यमंत्री के इस तीखे और व्यक्तिगत हमले के बाद से तो पूरे प्रदेश में कांग्रेसियों में भारी उबाल है और वे लगातार सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। सुबह धरने के दौरान पुलिस ने भारी लाठियां भांजीं, जिसके बाद कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सीधा डॉ. मोहन यादव का पुतला फूंकने का प्रयास किया। जैसे ही कांग्रेसी पुतला जलाने आगे बढ़े, वहां तैनात पुलिस बल ने उनसे पुतला छीन लिया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी झड़प हो गई। सिंधी को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने उन पर रबड़ की लाठियां बरसाना शुरू कर दिया। लाठीचार्ज के दौरान

पुलिसकर्मियों द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को धीता-धीताकर मारते हुए वीडियो भी सामने आए हैं, जिसमें गुस्सा और आक्रोश साफ झलक रहा है।

सीहोर के बयान और सीहोर में हुए लाठीचार्ज के विरोध में सोमवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव कुशवाहा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट स्थित अंबेडकर चौक पहुंचे। यहां कांग्रेस नेताओं ने डॉ. मोहन यादव के बीच्चाकर अंबेडकर की प्रतिमा एवं गांधीजी के चित्र के समक्ष मौजूदा राष्ट्रपति राष्ट्रपति राजाराम रूपन यादव डॉ. मोहन यादव को राष्ट्रपुड़ी के लिए प्रार्थना की।

चलती कार में लगी आग, समय रहते वाहन चालक ने बाहर निकले यात्री

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर जिले के अमलाहा क्षेत्र में तेज चल एक चलती कार में अचानक आग लग गई। कार में सुबह कलक्ट्रेट वाहन चालक ने तुरंत वाहन रोक दिया और उसमें सवार सभी लोग सुरक्षित बाहर निकल गए। इस घटना से बड़ा हादसा टल गया और किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सड़क पर चलते समय कार से अचानक तेज धुआं निकलने लगा। सवार को भांपते हुए चालक ने तत्परता दिखाते हुए गाड़ी रोक दी। इसके बाद यात्रियों ने स्थानीय लोगों की

मदद से पानी और अन्य साधनों से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से फैल गई।

कुछ ही मिनटों में कार पूरी तरह आग की लपटों में घिर गई और देखते ही देखते जलकर खाक हो गई। प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आष्टा थाना प्रभारी विपिन दुबे ने बताया कि घटना के समय में अब तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई है। जानकारी के अनुसार, कार मालिक आग लगने के बाद सात में ही मौके से चले गए थे। पुलिस आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच में जुटी हुई है।

तहसीलदार से खेल मैदान की मांग, ज्ञापन सौंपा करणी सेना ने दिया ज्ञापन

डीआर संवाददाता»सीहोर

करणी सेना परिवार के कार्यकर्ताओं का कहना है कि जावर जब से तहसील बनी है तब से अभी तक यहां के युवाओं को खेल प्रतिभा को लेकर अभी तक खेल मैदान नहीं मिला है, जावर एवं इसके आस पास के सभी युवाओं ने खेल के प्रति अपनी क्रियमान है परन्तु खेल मैदान नहीं होने के कारण युवा क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी एवं अन्य खेलों में प्रैक्टिस नहीं कर पाने के कारण वह यहां से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। आज देश में क्रिकेट गवर्नर से युवा अपनी सीमों में एक अलग स्थान छोड़ रहा है परन्तु जावर के युवाओं को ये अवसर नहीं मिल पा रहा है।

जावर के युवाओं ने सरकार एवं अधिकारियों से अनुरोध किया है कि जावर के युवाओं को खेल मैदान की जगह जल्द ही आवंटित की जाए। करणी सेना परिवार के मुखिया जीवन सिंह सेंगुल एवं विष्णु जायसे ईश्वर सिंह सेंगुल एवं जावर के सभी युवाओं, कमेल कोर्ड के सभी युवाओं के द्वारा हम जावर अनुरोध करते हैं कि जल्द से खेल मैदान की जगह आवंटित की जाए। अगली एक महीने के अंदर यदि खेल मैदान के लिए जगह आवंटित नहीं की जाती है युवाओं के द्वारा भूख हड़ताल करने एवं धरना प्रदर्शन करने के साथ होने और यह पूर्णरूप प्रशासन की जिम्मेदारी रहेगी। जावर तहसीलदार अधिकारियों सीहोर की मुख्यमंत्री मोहन यादव, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विजयंत सांसद, प्रभारी मंत्री पीयूष कृष्ण दत्ति अनु विभागीय अधिकारी कार्यालय, तहसीलदार जावर के नाम ज्ञापन सौंपा।

सीमेंट सप्लाई के नाम पर ठेकेदार से 2.23 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी

डीआर संवाददाता»सीहोर

शहर के भागवतपुरी क्षेत्र निवासी एक ठेकेदार से अल्ट्राटेक सीमेंट की सप्लाई दिलाने के नाम पर 2 लाख 23 हजार 600 रुपए की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी आशीष विश्वकर्मा पिता रामगोपाल विश्वकर्मा निवासी गर्ल्स कॉलेज चौराहाबस्ती, सीहोर ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद ई-जीरो एफआईआर दर्ज की गई।

शिकायत में बताया गया कि वह ठेकेदारी का कार्य करता है और उसे बड़ी मात्रा में अल्ट्राटेक सीमेंट की आवश्यकता थी। इस दौरान उसे एक सीमेंट व्यापारी के माध्यम से सदस्य को अल्ट्राटेक कंपनी का सेल्समैन बताने वाले दीपक अग्रवाल का मोबाइल नंबर मिला।

आरोपी ने सीमेंट सप्लाई का भरोसा दिलाकर 20 मई 2026 को आरटीजीएस के माध्यम से 2 लाख 23 हजार 600 रुपए पंजाब एंड सिंध बैंक के एक खाते में जमा करा लिए। बाद में आरोपी ने 2000 बोरी सीमेंट भेजने के लिए कुल 520 लाख रुपए जमा कराने की शर्त रखी।

फरियादी ने जमा राशि के अनुसार सीमेंट भेजने या पैसे वापस करने की मांग की, लेकिन न तो सीमेंट मिला और न ही राशि वापस की गई। शक होने पर फरियादी ने अल्ट्राटेक कंपनी से संपर्क किया, जहां से जानकारी मिली कि उक्त नाम का कोई अधिकृत सेल्समैन कंपनी में कार्यरत नहीं है। इसके बाद पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारक और बैंक खाते के संचालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

डीपी बदलने के चलते 6 घंटे बिजली गुल

दोराहा जोड़। क्षेत्र में बुधवार को आई तेज आंधी और बारिश के कारण बिजली व्यवस्था प्रभावित हो गई। खराब मौसम और तेज हवाओं के चलते डीपी में तकनीकी खराबी आने से दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रही। बिजली कंपनी द्वारा खराब डीपी बदलने और मरम्मत कार्य किए जाने के कारण लंबे समय तक क्षेत्र में बिजली नहीं रही।

हालांकि मौसम ठंडा और सुहावना होने से लोगों को गर्मी की परेशानी नहीं हुई, लेकिन बिजली नहीं रहने से घरेलू कामकाज और व्यावसायिक गतिविधियां प्रभावित रहीं। शाम ढलने के बाद अंधेरा होने पर लोगों को अधिक दिक्कतों का सामना

टीएल बैठक पेट्रोल पंपों का निरीक्षण करें अधिकारी, किसानों को डीजल के लिये न हो परेशानी - कलेक्टर

बिजली कर्मियों द्वारा सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य रूप से किया जाए उपयोग - कलेक्टर

डीआर संवाददाता»सीहोर

कलेक्टर श्री बालागुरु के की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का समुचित निराकरण कराने के निर्देश दिए।

टीएल बैठक में कलेक्टर बालागुरु श्री ने सभी विभागों के जिला अधिकारियों को शासन की स्थानांतरण नीति के अनुसार कार्रवाही सुनिश्चित करने के

निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों के स्थानांतरण प्रस्ताव तैयार किए जाने हैं, उनसे संबंधित प्रकरणों को निर्धारित समय-सीमा में तैयार कर शासन को भेजा जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि स्थानांतरण संबंधी सभी प्रस्ताव नियमों एवं निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार तैयार किए जाएं, ताकि किसी प्रकार की त्रुटि या अनियमितता न हो। उन्होंने कहा कि समय-सीमा का विशेष ध्यान रखते हुए सभी विभाग आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करें तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने अधिकारियों से स्थानांतरण प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए भी कहा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ नरसिंह बापट, जनपद कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत, जमील खान, एसडीएम उन्मत्त वर्मा, सहित जिला सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के तहत अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीयन कराने के निर्देश।

बैठक में कलेक्टर ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की भविष्य की आर्थिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी निर्माण विभागों के अधिकारियों को प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना के तहत अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीयन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में निर्माण कार्य जिन कार्यालयों के जारी पंजीयन कराया जाए। ठेकेदारों के जरिए भी श्रमिकों का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए।

नगर पालिका परिषद में दी गई धर्मेंद्र कक्का को श्रद्धांजली

डीआर संवाददाता»सीहोर

वर्ष वर्तमान एवं लोक निर्माण मंत्रालय मध्यप्रदेश सरकार के पूर्व स्वर्गीय धर्मेंद्र सक्सेना के निधन पर नगर पालिका परिषद में शोक सभा आयोजित की गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, पार्षदों एवं कर्मचारियों ने स्वर्गीय धर्मेंद्र सक्सेना को नमनांजली श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें निकट का मौन रखकर उनकी पुण्य स्मृति को नमन किया।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस सक्सेना ने कहा कि स्वर्गीय धर्मेंद्र सक्सेना एक कर्मठ, जनता एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने अपने व्यवहार, सामाजिक सरोकारों एवं जनसेवा की भावना से समाज में एक विशेष पहचान

बनाई थी। उनका निधन न केवल सक्सेना परिवार बल्कि पूरे शहर और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय में दुःख सहने की शक्ति दे। उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्य और लोगों के प्रति उनका आत्मीय व्यवहार सदैव स्मरणीय रहेगा।

शोक सभा में नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन राठौरा, पार्षद मुकेश मेवाड़ा, अर्जुन सक्सेना, राहुल राय, कमलेश सक्सेना, विनोद कुशवाहा, राजेश माही, दिलीप सक्सेना लोकेश वर्मा, कमलेश कुशवाहा सहित समस्त पार्षदगण एवं नगर पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने स्वर्गीय धर्मेंद्र सक्सेना को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर कृष्ण ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-2 -2083 सीहोर, दिन मंगलवार, दिनांक 02 जून, 2026

न्यूज गैलरी

खाद वितरण में किसानों की बड़ी परेशानी

सीहोर। खाद वितरण के लिए लागू ई-टोकन व्यवस्था किसानों के लिए राहत की बजाय परेशानी का कारण बन रही है। मंडी स्थित एमपी एग्रो खाद गोदाम पर किसान घंटों कतार में खड़े रहने के बाद भी समय पर खाद नहीं प्राप्त कर पा रहे हैं। किसानों का आरोप है कि टोकन मिलने के बावजूद दो से तीन दिन तक इंतजार करना पड़ रहा है। एमपी एग्रो के जिला प्रबंधक सुरेश चंद्र पटीदार ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से सर्वर डाउन होने के कारण समस्या आ रही है। विभाग के अनुसार जिले में 39,622 मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध है।

छह दिन में चार बार बिजली कटौती, लोग परेशान

सीहोर। शहर में बकरी ईद और प्रस्तावित स्विमिंग पूल निर्माण कार्य के चलते लगातार बिजली कटौती की जा रही है। पिछले छह दिनों में चार बार बिजली आपूर्ति बाधित होने से जिला अस्पताल, ट्रांसा सेंटर, नगर पालिका, एसपी कार्यालय और कई कॉलोनियों में लोग परेशान रहे। बिजली विभाग के अनुसार 11 केवी लाइन और ट्रांसफॉर्मर शिफ्टिंग का कार्य जारी है। बार-बार बिजली बंद होने से मरीजों, व्यापारियों और आम नागरिकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विभाग का कहना है कि कार्य पूरा होते ही स्थिति सामान्य होगी।

कांग्रेस का गांधीवादी प्रदर्शन

बुधनी। मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांधीवादी तरीके से प्रदर्शन किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शोभेश राजपूत सोनू के नेतृत्व में तहसील कार्यालय के पास आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ता मुख्यमंत्री का पुतला लेकर पहुंचे, लेकिन पुतला दहन नहीं किया गया। इसके बजाय पुतले को पुष्पहार पहनाकर शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराया गया। कांग्रेस नेताओं ने राजनीतिक भाषा में मर्यादा बनाए रखने की बात कही। प्रदर्शन में कांग्रेस के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बाघ से दहशत, भैंस के बच्चे का किया शिकार

बिलकिसगंज। ग्राम डीडपुर से 12 किमी दूर ग्राम हालमीपती के मुख्य मार्ग के किनारे सोमवार को बाघ का मृतदेह देखा गया। सूत्रों के अनुसार बाघ सुबह करीब 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक उसी क्षेत्र में मौजूद रहा। बताया गया कि इस दौरान उसने एक भैंस के बच्चे का शिकार भी किया। करीब पांच घंटे तक बाघगमन प्रभावित रहा। इस संबंध में रेंजर सिद्धार्थ सिंह ने कॉल रिसीव नहीं किया।

जल गंगा अभियानरू जल संरक्षण रैली निकाली

रेहटी। नगर के शासकीय महाविद्यालय में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल का महत्व बताने के लिए रैली निकाली गई। रैली प्राचार्य डॉ. अंजली गढ़वाल के मार्गदर्शन में हुई। अभियान प्रभारी डॉ. निधि भार्गवीय ने बताया कि विद्यार्थियों ने जल संरक्षण, जल संवर्धन को लेकर जागरूकता का संदेश दिया। तालाब, पोखर, झील, नदियों जैसी जलीय संरचनाओं को साफ रखने की अपील की। भविष्य के लिए जल संरक्षण बचाने के प्रेरक नारे लगाए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पुनीत कुमार मालवीय सहित । समिति सदस्य डॉ. लेखिका श्रीवास्तव, राजाराम रावत, एकता डावर, सारस बेले, मोबाइल बंद किया, घर पहुंचे तो ताला मिला, किसानों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई

किसानों का 1861 क्विंटल गेहूं और 280 क्विंटल सोयाबीन लेकर व्यापारी गायब हुआ

निरीक्षण

किसानों का आरोप है कि उन्होंने अपना अनाज उमंग ट्रेडर्स को बेचा था। बिना भुगतान किए व्यापारी हो गया गायब।

डीआर संवाददाता»सीहोर। अहमदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बरनाल स्थित उमंग ट्रेडर्स के संचालक नरेश साहू पर किसानों की फसल खरीदकर करोड़ों रुपये का भुगतान किए बिना परिवार सहित फरार होने का गंभीर आरोप लगा है। मामले को लेकर प्रभावित किसानों ने अहमदपुर थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए प्रशासन से तत्काल कार्रवाई और बकाया राशि दिलाने की मांग की है। किसानों के अनुसार नरेश साहू ने ग्राम बरनाल, पाटेर, अहमदपुर, आलाखोरी, मानपुरा, उमराखेर, गणवरी तथा हसनपुर तिनोनिया सहित आसपास के कई गांवों के किसानों से गेहूं और सोयाबीन की फसल खरीदी थी। किसानों का आरोप है कि उन्होंने कुल 1861 क्विंटल गेहूं और 280 क्विंटल सोयाबीन उमंग ट्रेडर्स को बेची थी। फसल खरीदने के बाद नरेश साहू ने एक सप्ताह के भीतर भुगतान करने का आश्वासन दिया था, लेकिन तय समय बीत जाने के बाद भी किसानों को उनकी उपज की राशि नहीं मिली।

मोबाइल बंद, घर पर ताला

पीड़ित किसानों का कहना है कि तब नरेश साहू का मोबाइल फोन बंद आ रहा है और उसके निवास पर भी ताला लगा हुआ है। किसानों का आरोप है कि वह परिवार सहित फरार हो गया है। दूसरे किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कई किसानों ने खेती के लिए खाद, बीज, डीजल और कीटनाशक दवाइयों की खरीदी उधार लेकर की थी, जिसका भुगतान अब तक नहीं हो सका है।

भरोसा करना पड़ा महंगा

मामले को लेकर किसानों में गहरी आक्रोश है। उनका कहना है कि उन्होंने भरोसे पर व्यापार पर अपनी उपज व्यापारी को बेची थी, लेकिन भुगतान नहीं मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हुई है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर नरेश साहू के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए तथा उनकी बकाया राशि जल्द दिलाई जाए।

50 गांव के किसान प्रभावित

किसानों के अनुसार बरनाल, पाटेर, आलाखोरी, मानपुरा, उमराखेर, गणवरी तथा हसनपुर तिनोनिया अहमदपुर सहित कई गांवों के कृषक भुगतान नहीं मिलने से परेशान हैं। शिकायत के बाद अब सभी की निगाहें प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं।

हमारा नहीं किया भुगतान

बरनाल के ग्राम व्यापारी नरेश साहू को हमने अपनी उपज बेची थी पिछले आठ दिनों से तो घर पर ताला लटकाकर गायब है लगभग कई करोड़ रुपए लेकर वह क्षेत्र से गायब हो चुका है और किसानों का भुगतान भी नहीं किया

अभिषेक सक्सेना, किसान ग्राम बरनाल

मामला पंजीबद्ध कर लिया गया

अहमदपुर थाने में मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है बरनाल का व्यापारी जो नरेश साहू है उसको ढूंढने के लिए टीम रवाना कर दी गई है जैसे ही उसका पता चलेगा अग्रिम कार्रवाई की जाएगा रमन सिंह ठाकुर, थाना प्रभारी अहमदपुर

पुलिस ने विरोध कर रहे कांग्रेसियों को नहीं जलाने दिया सीएम का पुतला

डीआर संवाददाता»आष्टा सुलतानपुर में आयोजित एक सभा के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के लिए कथित रूप से अपमानित शब्दों का प्रयोग किए जाने के विरोध में शनिवार कांग्रेस कमेटी द्वारा मुख्यमंत्री का पुतला दहन करने का प्रयास किया। इसकी सूचना पहले से पर नए बस स्टैंड कम्युनिटी हाल के सामने पहुंच गई।

वहां पर पुलिस ने कार्यकर्ताओं पर बल प्रयोग करते हुए पुतला छीन लिया। शनिवार को ग्राम करीब 8 बजे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा टिप्पणी करने के विरोध में कांग्रेसी कम्युनिटी हाल के सामने एकत्रित हुए। यहीं पुतला दहन की सूचना मिलने पर नगर निरीक्षक गिरीश दुबे बल लेकर पहुंचे। वहां पर कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए पुतला छीन लिया। कार्यकर्ताओं ने पुलिस के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए। वरिष्ठ नेता पुलिस के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए। वरिष्ठ नेता सैयद मुकर्रम, बैरा एबादी, घनश्याम जागड़ा, पागलीराम जौहान, जयंत ठाकुर, तौसिफ अहमद, फैजुद्दीन, अमित पटेल, राजकुमार मालवीय, गोपाल कालमिया, प्रदीप भाटी, दर्शी बाबे, मनीश शाह, अर्जुन अजय आदि लोग

चल समारोह को भव्य बनाने समिति का गठन, युवाओं को सौंपी जिम्मेदारियां

डीआर संवाददाता»सीहोर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा खाती समाज द्वारा आगामी जल समारोह को भव्य, सुव्यवस्थित और ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के वरिष्ठजन, युवा और समाजसेवी बड़ी संख्या में शामिल हुए। सर्वसम्मति से समिति का गठन करते हुए रविशंकर डॉ. अजय सिंह पटेल ने सागर वर्मा को अध्यक्ष, अनिरुद्ध वर्मा को कार्यकारी अध्यक्ष तथा मनु वर्मा और सोनू खाती पहलवान को मंच समन्वयक प्रभारी नियुक्त किया।

डॉ. पटेल ने कहा कि जल समारोह समाज की एकता, संस्कृति और गौरव का प्रतीक बनेगा। मार्गदर्शन मंडल में करन सिंह वर्मा, बैजेन्द्र पटेल, रोशनलाल गुप्ता, रघुनाथ वर्मा सहित कई वरिष्ठ समाजजनों को शामिल किया गया। वहीं विभिन्न पदों पर युवाओं को जिम्मेदारियां सौंपते हुए सेवादार प्रभारी और महामंत्री नियुक्त किए गए हैं। बैठक में बड़ी संख्या में युवाओं की समिति का गठन समाज ने किया। समाजजनों ने संकल्प लिया कि आगामी जल समारोह को ऐतिहासिक स्वरूप दिया जाएगा। वरिष्ठजनों ने युवाओं से अधिक से अधिक सहभागिता करने का आह्वान करते हुए नवगठित समिति को शुभकामनाएं दीं।

रोटरी क्लब सीहोर के सहयोग से मथुरा के दिव्यांग युवक को मिले कृत्रिम हाथ

डीआर संवाददाता»आष्टा मानव सेवा के क्षेत्र में रोटरी क्लब सीहोर ने एक सराहनीय कार्य संपन्न हुआ। मथुरा जिले के महावीर निवासी सतन सिंह, जिनके दोनों हाथ एक दुर्घटना में कट गए थे, उन्हें कृत्रिम हाथ उपलब्ध कराए गए, जिससे उनके जीवन में नई आशा का संचार हुआ है।

उनकी मदद में पारिवारिक स्तर के दौरान रामाशंकर राजेश कालीश की मुलाकात सतन सिंह से हुई थी। उनकी स्थिति को देखकर राजेश कालीश जी ने उन्हें कृत्रिम हाथ उपलब्ध कराने का संकल्प लिया। इस पुनीत कार्य में डॉ. गौरव ठाकरार ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रोटरी क्लब सीहोर के अध्यक्ष रोटेरियन मधुर विश्वनागीय के नेतृत्व में, सचिव रोटेरियन कपिल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रोटेरियन विपुल पाठक, रोटेरियन सुनील निगोतिया तथा रोटेरियन आशुतोष शर्मा के सहयोग से कृत्रिम हाथों की व्यवस्था की गई। इसके

लिए। इस पुनीत कार्य में डॉ. गौरव ठाकरार ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रोटरी क्लब सीहोर के अध्यक्ष रोटेरियन मधुर विश्वनागीय के नेतृत्व में, सचिव रोटेरियन कपिल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रोटेरियन विपुल पाठक, रोटेरियन सुनील निगोतिया तथा रोटेरियन आशुतोष शर्मा के सहयोग से कृत्रिम हाथों की व्यवस्था की गई। इसके पश्चात राजेश कालीश एवं डॉ. गौरव ठाकरार मथुरा के भजार ग्राम पहुंचे, जहां ग्रामवासियों एवं पर्यटकों की उपस्थिति में सतन सिंह को कृत्रिम हाथ लगाए गए। कृत्रिम हाथ लगने के बाद जब सतन सिंह ने स्वयं चम्मच से भोजन किया और पेन पकड़कर कुछ लिखा, तो उपस्थित लोगों ने भावुक होकर इस सेवा कार्य की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं ने कहा कि किसी दिव्यांग व्यक्ति को पुनः आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास मानवता में अत्यंत पुण्य का कार्य है। रोटरी क्लब सीहोर के सदस्यों तथा राजेश कालीश जी एवं डॉ. गौरव ठाकरार के विशेष प्रयासों से सतन सिंह को नया आत्मविश्वास और जीवन जीने की नई प्रेरणा मिली है। इस सेवा कार्य की सीहोर सहित मथुरा क्षेत्र में व्यापक सराहना की जा रही है। रोटरी क्लब सीहोर भविष्य में भी इसी प्रकार समाजसेवा के कार्यों के माध्यम से जरूरतमंदों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

आंधी-बारिश से मौसम हुआ सुहाना, गर्मी से राहत

सिद्धिकगंज (शैरूंदी) 3-4 महीनों से भीषण गर्मी और उमस झेल रहे लोगों को सोमवार को बड़ी राहत मिली। सोमवार दोपहर करीब 3:30 बजे तेज हवा और आंधी के साथ हुई बारिश ने मौसम का मिजाज बदल दिया। लगभग आधे घंटे तक हुई बारिश से तापमान में गिरावट आई और वातावरण सुहावना हो गया। गर्मी और उमस से परेशान लोगों ने राहत की सांस ली और सुहाने मौसम का आनंद लिया। राहत की बात तो यही कि तेज आंधी-बारिश से बाजपुर क्षेत्र में किसी तरह की जनहानि की खबर नहीं है। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में भी मौसम ऐसा ही बना रहेगा।

आचार्य चाणक्य एक कुशल राजनीतिज्ञ, चतुर कूटनीतिज्ञ, प्रकांड विद्वान अर्थशास्त्री के रूप में जाने जाते-संत माधवदास

डीआर संवाददाता»सीहोर सोमवार को शहर के सैफखाखेड़ी स्थित कृष्णकुंज में हर साल की तरह इस साल भी संस्कार मंच और श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के तत्वावधान में आचार्य चाणक्य की जन्म जयंती को चाणक्य स्मृति दिवस के रूप में मनाई गई। इस मौके पर शहर के कोलीपुरा स्थित श्री दुर्गा लक्ष्मी मंदिर के संत माधवदास महाराज एवं समाजजनों ने गजेन्द्र व सांसद दीप प्रज्ज्वलित कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्य वक्ता संत माधवदास महाराज ने आचार्य श्री के जीवन पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि आचार्य

चाणक्य एक कुशल राजनीतिज्ञ, चतुर कूटनीतिज्ञ, प्रकांड विद्वान अर्थशास्त्री के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने बताया हमारे मंच आयोजन के संचालक राघुल सिंह, प्रज्ञाकर पंडित सुशील लाड़, पवन कंवर, सुनील दास, लक्ष्मेश पाठ, आकाश पाठ, वीडेश महेश्वरी सहित अन्य मौजूद हैं।

मालयार्पण, पुष्पार्चन, पूजन, दीप प्रज्ज्वलन किया

संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित सभा ने बताया कि सोमवार को अखंडित ज्योतिष्ठ में माल्यार्पण, पुष्पार्चन, पूजन, दीप प्रज्ज्वलन किया। ब्राह्मण महानुभवों की सभी एवं सभा ने उनके द्वारा किए गए योगदान के ऊपर विस्तृत वार्तालाप किया गया।

आंधी चलने के साथ ही तेज बारिश से भरा पानी, पेड़ गिरे

डीआर संवाददाता»श्यामपुर श्यामपुर, अहमदपुर चंदलाल क्षेत्र में सोमवार दोपहर करीब 3.30 बजे अचानक मौसम बदला और तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। आधे घंटे तक चली धूल भरी आंधी और बारिश से कई जगह पेड़ टूट गए और सड़कों पर पानी भर गया। इतवारा के कजलासा रोड पर पीपल का पेड़ बिजली खंभा पर गिरने से नगर की बिजली सप्लाई काफी देर तक बंद रही। बाद में बिजली कंपनी के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर पेड़ हटाया और लाइन दुरुस्त की।

तेज हवा से आम की फसल को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। पेड़ों से बड़ी संख्या में

कैरियां झड़ गईं। पीरज सिंह ने बताया कि धूल भरी आंधी से सब अस्त-व्यस्त हो गया।

कजलासा के संजय गुप्ता ने बताया कि तेज बारिश से रोड के किनारे जगह-जगह पानी भर गया। जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी हुई। हालांकि बारिश से लोगों को गर्मी से बड़ी राहत जरूर मिली।

अहमदपुर, श्यामपुर, चंदलाल के क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई बारिश के चलते मौसम में ठंडक घुल गई

भागवत कथा

चांदबड़गोपाल गौशाला में कथा के दूसरे दिन उमड़ा जनसैलाब, संत कमल किशोर नागर ने बताया राम नाम और माता-पिता की सेवा का महत्व

डीआर संवाददाता»श्यामपुर चांदबड़ गोपाल गौशाला में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन मालवा के प्रसिद्ध संत ने श्रद्धालुओं पर ज्ञान, भक्ति और वैराग्य की अमृतवर्षा की। कथा पंडाल में सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचने लगे और गौशाला परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा नजर आया।

कथावाचन के दौरान संत श्री नागर ने भगवान के नाम-स्मरण का महत्व बताते हुए कहा कि चाहे, संक्रांति, सूर्य या चंद्र ग्रहण तथा पवित्र

अवसरों पर किया गया जप-तप और उपवास मनुष्य के पापों का प्रायश्चित करता है तथा आत्मा और शरीर को शुद्ध बनाता है। उन्होंने कहा कि जैसे अष्टधातु को बार बार धोने से शरीर शुद्ध होता है, वैसे ही कथा, सत्संग और धार्मिक आयोजनों में शामिल होने से आत्मा का शुद्धिकरण होता है।

माता-पिता की सेवा पर विशेष बल देते हुए उन्होंने कहा कि जिन माता-पिता ने बच्चों को बचपन में स्नेह और संरक्षण दिया, उनके अंतिम समय में संतान को भी उनके साथ उपस्थित रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह पुत्र अत्यंत भाग्यशाली होता है जिसकी गोद में माता-पिता अपने अंतिम प्राण त्यागते हैं।

संत श्री नागर ने आधुनिक जीवनशैली पर कटाक्ष करते हुए कहा कि लोग बड़े-बड़े स्थानों में भजन तो तो बनाकर लेते हैं, लेकिन अपने ही माता-पिता, रिश्तेदारों और परिजनों का हाल-चाल पूछने का समय नहीं निकालते।

आज कथा के दौरान दोपहर में तेज वर्षा शुरू हो गई थी इस अवसर पर संत श्री नागर ने कहा कि जब भक्त भगवान का स्मरण करते हैं तो स्वयं जल नारायण कृपा बरसाने आ जाते हैं। यही वजह है श्रद्धालु अपनी जगह पर डटे रहे और कथा का रसपान करते रहे।

मोबाइल के बढ़ते उपयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए संत श्री नागर ने कहा कि आज लोग मोबाइल में अधिक व्यस्त रहते हैं जबकि मंदिरों में घंटी बजाने और भगवान का स्मरण करने का समय नहीं निकालते।

खेत बचाओ अभियान का हुआ शुभारंभ

डीआर संवाददाता»सीहोर कृषि विभाग द्वारा जिले में खेत बचाओ अभियान संचालित किया जा रहा है। जिले के ग्राम आमाखेड़ा में कृषि उप संचालक श्री अशोक कुमार उपाध्याय ने खेत बचाओ अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर किसानों को अभियान के उद्देश्यों एवं कृषि क्षेत्र में इसके महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान किसानों को बताया गया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, संतुलित एवं विवेकपूर्ण उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देना तथा

कृषि उत्पादन को टिकाऊ एवं लाभकारी बनाना है। किसानों को मृदा परीक्षण के महत्व की जानकारी देते हुए मृदा परीक्षण के आधार पर अनुशंसित मात्रा में उर्वरकों के उपयोग हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध एवं असंतुलित उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों तथा इसके कारण मृदा की उर्वरा शक्ति में आने वाली कमी के बारे में भी विस्तार से बताया

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | द्वितीय ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-02 2083 | विदिशा, दिन मंगलवार,दिनांक 02 जून 2026

न्यूज गैलरी

तेजस कार्यक्रमः जिला स्तरीय कार्यशाला कल

विदिशा। भारत सरकार के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग स्टार्टअप इंडिया और मध्यप्रदेश शासन के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में तेजस कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला होगी। आगामी 3 जून को सुबह 10:30 बजे से साढ़े अठोक अभियांत्रिकी महाविद्यालय, विदिशा के सभाट कक्ष्य कक्ष में होगा।

ईवीएम गोदाम का त्रैमासिक निरीक्षण 4 जून को

विदिशा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नवीन कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम गोदाम का त्रैमासिक निरीक्षण 4 जून 2026 को दोपहर 1 बजे होगा। निरीक्षण के दौरान ईवीएम गोदाम को तय प्रक्रिया के अनुसार खोला जाएगा। इसके बाद गोदाम को फिर से सीलबंद किया जाएगा। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निरीक्षण के लिए आमंत्रित किया गया है।

कलेक्ट्रेट में राष्ट्रीय गीत के बाद कामकाज शुरू

विदिशा। हर माह की पहली तारीख को शासकीय कार्यालयों में राष्ट्रीय गीत होता है। इसके बाद शासकीय कामकाज शुरू होता है। आज कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर अंशुल गुप्ता की मौजूदगी में राष्ट्रीय गीत हुआ। मौके पर अपर कलेक्टर अनिल कुमार डावोर, जिला पंचायत सीईओ अंकी सनोकिया भी मौजूद रहे।

शहर की सड़कें बदहाल, गड्ढों से बढ़ा हादसे का खतरा

विदिशा। शहर की कई सड़कें लंबे समय से खराब हालत में हैं। लोगों को रोजाना परेशानी हो रही है। जगह-जगह गड्ढे हैं। वाहन चालकों पर हादसे का खतरा बना रहता है। पैदल चलने वालों को भी दिक्कत होती है। बारिश में गड्ढों में पानी भर जाता है। सड़क की हालत और बिगड़ जाती है। संबंधित विभाग, नगर प्रशासन को कई बार शिकायत की गई। अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई। खराब सड़कों से दोपहिया वाहन चालक सबसे ज्यादा परेशान हैं। गड्ढों में फिसलने से कई लोग घायल हो चुके हैं। स्कूल जाने वाले बच्चों को परेशानी होती है। बुजुर्गों को दिक्कत होती है। मरीजों को आने-जाने में कठिनाई हो रही है। सड़कों शहर की सूरतमूर जरूरत है। जनहेदी हो रही है। जल्द से जल्द मरम्मत कराई जाए।

मंदिर में दर्शन करने पर मारपीट की शिकायत

विदिशा। ग्राम सिलोरिया के वीर सिंह अहिरवार ने जातिगत भेदभाव की घटना बताई। 27 मई 2026 को वे सार्वजनिक मंदिर में दर्शन करने गए। वहां पिछड़ी जाति के सार लोगों ने उनके साथ मारपीट की। उन्हें मंदिर से बाहर निकाल दिया।

वीर सिंह शिकायत लेकर पहले सिविल लाइन देहात थाना पहुंचे। वहां मौजूद अधिकारी ने शिकायत दर्ज नहीं की। वीर सिंह ने कहा, घटना पर पिछड़ा वर्ग का अधिकारी था। इसके बाद वे अनुसूचित जाति थाना पहुंचे। वहां मोहित तिवारी ने उन्हें जाति सूचक गालियां दीं। उन्हें भगा दिया।वीर सिंह ने न्याय की मांग की। उन्होंने कहा, भारी लोगों पर अनुसूचित जाति अधिनियम 1989 के तहत कार्रवाई हो। उन्होंने कहा, कार्रवाई नहीं हुई तो आगे समुदायों में तनाव बढ़ सकता है।

ग्रेडिंग माह की शिकायतों के निराकरण के लिए विभागों को साप्ताहिक लक्ष्य तय

योजनाओं का असर जमीन पर दिखाई दे केवल आयोजन नहीं परिणाम दें: कलेक्टर

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि राज्य और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं अभियानों का लाभ पात्र हितग्राहियों तक वास्तविक रूप से पहुंचे और उनके परिणाम आयोजन को दिखाई दें। उन्होंने कहा कि योजनाओं का उद्देश्य केवल कार्यक्रम आयोजित करना नहीं, बल्कि उनका प्रभाव जमीन पर नजर आना चाहिए।

कलेक्ट्रेट के बैठक सभाकक्ष में आयोजित लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित अभियानों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान कृषि विभाग के कृषि रथों के माध्यम से किसानों को दी जा रही जानकारी और सेवाओं का भी परीक्षण किया गया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन गांवों में कृषि रथ पहुंच रहे हैं, वहां केवल कृषि संबंधी जानकारी तक सीमित न रहकर अन्य विभागों की सेवाओं का भी समन्वित लाभ कास्तकारों को दिया जाए। उन्होंने राजस्व विभाग को बी-1 वाचन, फसली नामांतरण और अन्य राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। वहीं उद्यानिकी, पशुपालन और मत्स्य विभागों को भी अपनी योजनाओं का लाभ आमजन

विभागों को दिए लक्ष्य, लापरवाही पर तय होगी जवाबदेही

तक पहुंचाने और उनके ठोस परिणाम सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में जल-जन अभियान और घरती आबा अभियान के तहत आयोजित गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि जिलेवार प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निराकरण किया जाए। उन्होंने हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ बिना विलंब उपलब्ध कराने कहा। कलेक्टर ने वर्तमान माह के दौरान प्राप्त शिकायतों के निराकरण के निर्देश देते हुए अधिकारियों से सकारात्मक लक्ष्य निर्धारित करने को कहा, ताकि शिकायतों का तेजी से निराकरण हो सके। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता आमजन तक सेवाओं की सहज और प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करना है। इसके लिए सभी विभाग अपनी समन्वय के साथ कार्य करें तथा लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाप्त करें। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों में लंबित शिकायतों की स्थिति बताई। अधिकारियों ने आगामी सप्ताह के लिए शिकायत निराकरण के साप्ताहिक लक्ष्य स्वयं निर्धारित किए और कार्यक्षमता प्रस्तुत की।

लंबित शिकायतों का तुरंत निराकरण करने के निर्देश

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को लंबित आवेदनों एवं शिकायतों की समीक्षा बैठक में विभागों की कार्यप्रगति का परीक्षण किया। ग्रेडिंग माह के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों के त्वरित, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर जोर दिया गया। कलेक्टर ने स्पष्ट कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध और संतोषजनक समाधान करना है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निराकरण में पूरी गंभीरता, संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करें तथा लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाप्त करें। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों में लंबित शिकायतों की स्थिति बताई। अधिकारियों ने आगामी सप्ताह के लिए शिकायत निराकरण के साप्ताहिक लक्ष्य स्वयं निर्धारित किए और कार्यक्षमता प्रस्तुत की। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि विभागों द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की नियमित समीक्षा की जाएगी।

लक्ष्य पूर्ति में लापरवाही या उदासीनता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि शिकायतों के निराकरण में केवल औपचारिकता न बरती जाए, बल्कि आवेदकों की वास्तविक समस्याओं का स्थायी और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए।

मंदिर प्रवेश से रोकने का लगाया आरोप, एससी-एसटी एक्ट में कार्रवाई की मांग

डीआर संवाददाता ✍ नटेरन

विदिशा जिले के सिलोरिया गांव में एक दलित युवक ने मंदिर में प्रवेश से रोके जाने और जातिगत भेदभाव किए जाने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित ने तहसीलदार को आवेदन सौंपकर आरोपियों के खिलाफ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत कार्रवाई की मांग की है।

गांव निवासी वीर सिंह अहिरवार ने बताया कि हनुमान मंदिर में आयोजित भजनया कथा के समापन अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया था। वह प्रसादी ग्रहण करने पहुंचे थे, लेकिन उन्हें अन्य लोगों से अलग बैठाया गया। इसके बाद जब वे मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे तो कुछ लोगों ने उन्हें प्रवेश करने से रोक दिया।

युवक का आरोप है कि विरोध करने पर उसके साथ अभद्र व्यवहार किया गया और जातिसूचक टिप्पणियां की गईं। शिकायत में गांव के चार लोगों और मंदिर के पुजारी पर भेदभावपूर्ण व्यवहार करने का आरोप लगाया गया है। वीर सिंह का कहना है कि उन्हें सार्वजनिक धार्मिक स्थल पर पूजा-अर्चना करने के अधिकार से वंचित किया गया।

पीड़ित ने यह भी दावा किया कि घटना के बाद उन्होंने सबसिडा थाने में शिकायत दर्ज कराने का प्रयास किया, लेकिन उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। अन्य स्तरों पर भी शिकायत करने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग की।

आवेदन में आरोपियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं में मामला दर्ज करने की मांग की गई है। वहीं तहसीलदार ने बताया कि शिकायत प्राप्त हो गई है और मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। जांच में आरोप सही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

विजिलेंस का छापारू 3 गार्डनों में चोरी, 7 में ओवरलोड, 13.86 लाख जुर्माना की गिरावट

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

शादियों के सीजन में आम जनता से लाखों रुपए ऐंठने वाले मैरिज गार्डन संचालकों का कारनामा सामने आया है। ये संचालक बिजली कंपनी को लाखों की चपत लगा रहे थे।

कंपनी की विजिलेंस टीम ने जब जिले के 23 मैरिज गार्डनों और शादी हॉलों में दबिश दी तो हकीकत सच गया। उनमें से 3 बड़े गार्डन संचालक बिजली चोरी करते पकड़े गए। 7 गार्डनों में तय लोड से कई गुना ज्यादा लाइटें लगी मिलीं। इस पर बिजली कंपनी ने सख्त एक्शन लेते हुए 3 मैरिज गार्डनों पर 13 लाख 86 हजार 461 रुपए का जुर्माना तोला है।

चोरी से कनेक्शन।

कमर्शियल की जगह दूसरे उद्देश्य से लाइटें जला रहे थे

एक हफ्ते से विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान कुल 23 प्रतिष्ठानों को खंगाला गया। 13 प्रतिष्ठान जांच में दुरुस्त तरह सही और नियमों के मुताबिक पाए गए। 3 मैरिज गार्डन सीधे तौर पर बिजली चोरी करते रंगेहाथ पकड़े गए। 7 मैरिज गार्डन स्वीकृत लोड से अधिक बिजली का उपयोग करते मिले। खुद जगहों पर कमर्शियल की जगह दूसरे उद्देश्य के लिए लाइटें जलाई जा रही थीं। मामला दर्ज कर लिया।

मंडी में व्यापारियों से वसूली करने वाले बदमाश का पुलिस ने निकाला जुलूस

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा में कृषि उपज मंडी क्षेत्र के व्यापारियों से अडीबाजी, मारपीट और अवैध वसूली के आरोपी राहुल अहिरवार (36) को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर उसका जुलूस निकाला। आरोपी को मंडी क्षेत्र, बाईपास चौराहा और आसपास के इलाकों में घुमाया गया, जहां उसने लोगों के सामने अपराध से दूर रहने की बात कही।

कोतवाली थाना प्रभारी आनंद यादव के अनुसार, राहुल अहिरवार ने कुछ समय पहले शराब के नशे में मंडी के व्यापारियों से पैसों की मांग की थी। विरोध करने पर उसने मारपीट और धमकी दी थी। मामले में प्रकरण दर्ज होने के बाद से वह फरार चल रहा था।

पुलिस अधीक्षक रोहित कटारमानी के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने मुखबिर सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को बरईपुरा क्षेत्र से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस उसे उन स्थानों पर लेकर पहुंची, जहां उसने लोगों को डराकर अवैध वसूली और गुंडागर्दी की थी।

पुलिस का कहना है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा का विश्वास बढ़ाना और अपराधियों को सख्त संदेश देना है। थाना प्रभारी ने बताया कि शहर में गुंडागर्दी, अडीबाजी और मारपीट करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

प्रिंसिपल को जान से मारने की धमकी देने वाले व्यायाम शिक्षक से लिया प्रभार

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

शहर के सलापुरा स्थित शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. दीप्ति शुक्ला को शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक सतुवेदी द्वारा जान से मारने की धमकी देने के मामले में जांच समेत वीडियो के शिक्षक से लिया अधिकारों का प्रभार छीन लिया है। इस मामले में प्राचार्य डॉ. दीप्ति शुक्ला ने कलेक्टर, एसपी, डीईओ, कोतवाली थाने में लिखित शिकायत कार्रवाई की मांग की थी। मंगलवार यह मामला स्कूल में खेल सामग्री की खरीदी से खुला है। यहां 22 अप्रैल को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम होना था। इसी लेकर खेल शिक्षक ने प्राचार्य को धोखाधड़ी की थी कि यह कार्यक्रम तक्के बंद दी। वहीं जान से मारने की धमकी भी दी थी।

बड़ा बाबा घाट पर हनुमान भोग, आज सुंदरकांड का पाठ होगा

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

गुरुवार सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर बड़ा बाबा घाट स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं। मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, हनुमान चालीसा पाठ और भजन-कीर्तन के साथ भक्तों ने अपनी आस्था व्यक्त की। मंदिर के पास बहने वाली बेतवा नदी में श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया। इसके बाद मंदिर में पहुंचकर हनुमान जी का पूजन किया। मंदिर के पुजारी पंडित शिवशंकर ने बताया कि सोमवती अमावस्या पर हनुमान जी का विशेष श्रृंगार किया गया है। उन्होंने कहा कि इस दिन हनुमान चालीसा का पाठ करने से भक्तों को मानसिक शांति और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। मंदिर में दिनभर भजन-कीर्तन और हनुमान चालीसा का पाठ चलता रहा। शाम को मंदिर में भजन-कीर्तन का विशेष कार्यक्रम होगा। इसके बाद रात 8 बजे से सुंदरकांड का पाठ होगा। मुख्य पुजारी के अनुसार, मंगलवार को मंदिर में भक्तों की संख्या और बढ़ने की संभावना है। इसे देखते हुए मंदिर प्रबंधन ने श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, छाया और चिकित्सा की व्यवस्था की है। स्थानीय प्रशासन ने भी भीड़ प्रबंधन के लिए पुलिस बल तैनात किया है। श्रद्धालुओं ने मंदिर प्रबंधन की व्यवस्था की सराहना की है।

प्रदर्शन: सांसद जी पानी दो, विधायक जी पानी दो...

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

तीज गर्मी के बीच जल स्तर गिरने से कई गांव योजना सहित हैंडपंप सूख गए हैं। इसकी पानी की किल्लत बढ़ती जा रही है। ऐसा एक मामला रोकड़ा गांव से देखने को मिला। इस गांव से जल संकट को लेकर ग्रामीण अपने घर बैठे गए और बर्तन बजाते हुए गाने गाते रहे। गांव के गंगदास से 2 जल प्रतिनिधियों से पानी की मांग कर रहे थे। अपने गांव में ही पानी पर बोल बैठे ग्रामीण खाली बर्तन बजाते हुए गाने गा रहे थे, इस गाने के बोल थे, सांसद जी पानी दो, विधायक जी पानी दो, जिला पंचायत अध्यक्ष पानी दो, सरपंच पानी दो। इस तरह के एलाहार और प्रदर्शन

व्यवस्था एक नजर में

जिले में 11000 से अधिक हैंडपंप हैंगने से 713 बंद हैं। जिले में में 622 नल जल योजनाएं हैंगने से 43 बंद कराई गई हैं ठीकरा गया। जानकारी मिलने के बाद मौके पर तहसीलदार, पीएचई से एसडीओ पहुंचे। ग्रामीणों ने पेय जल की समस्या बताई। कलोरों के मुताबिक सूखा सेमल गांव में सभी हैंडपंप सूख चुके हैं। एक मिनाल फेस मोटर चल रही है। यहां भी तक-तक कम पानी आता है। मिजली सुख से भी मोटर कम ही चल रही है। जबकि पीएचई हेड अनुपम गहोई के मुताबिक गांव में 4 हैंडपंप और एक मिनाल फोरा मोटर चल रही है।

नियुक्ति पत्र प्रदान डीआईजी और एसपी ने किया स्वागत, पुलिस सेवा के मूल्यों से कराया अवगत

293 नवआरक्षकों को मिले नियुक्ति पत्र और 36 होमगार्ड जवानों को मिली खाकी की नई पहचान

सभी नवआरक्षक शीघ्र ही प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षण के लिए रवाना होंगे।

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

पुलिस कंट्रोल रूम में सोमवार को आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में – पुलिस आरक्षक भर्ती–2025 के अंतर्गत चयनित 293 नवआरक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। उप

पुलिस महानिरीक्षक (देवास) रेंज सोहाल राजेश सिंह चंदेल एवं पुलिस अधीक्षक रोहित कटारमानी

ने नियुक्ति पत्र सौंपकर सभी नवआरक्षकों का मनमोहन पुलिस परिवार में स्वागत किया। नियुक्ति

पत्र वितरण से पूर्व सभी अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रवीण चौबे एवं रक्षित निरीक्षक भूर सिंह चौहान भी उपस्थित रहे। एसडीओ महावाणी ने नवआरक्षकों को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) सहित नए आपराधिक कानूनों की जानकारी दी। साथ ही साइबर अपराध, सीसीटीएनएस, ई-साक्ष्य, डिजिटल विवेचना, ड्रोन एवं अन्य आधुनिक तकनीकों के महत्व पर प्रकाश

डाला। डीआईजी मंदेल एवं एसपी कार्यवानी ने कहा कि पुलिस सेवा केवल वेतनभर नहीं बल्कि राष्ट्र और समाज के प्रति समर्पित दायित्व है। उन्होंने देशभक्ति, अनुशासन, ईमानदारी, उत्तरदायित्व और कर्तव्यनिष्ठा को पुलिस सेवा की आधारशिला बताया। विशेष बात यह रही कि चयनित 293 नवआरक्षकों में 36 ऐसे जवान शामिल हैं जिन्होंने पहले एक होमगार्ड के रूप में सेवाएं दीं और अब आरक्षक पद प्राप्त कर नई पहचान हासिल की है। सभी नवआरक्षक शीघ्र ही प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षण के लिए रवाना होंगे।

कमर्शियल गैस फिर महंगी, 42 रुपए की बढ़ोतरी से 3150 रु. पर पहुंचा

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

महंगाई की मार झेल रहे होटल कारोबारियों, केटरर्स और शादी आयोजकों को फिर झटका लगा है। 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 42 रुपए की बढ़ोतरी कर दी गई है, जिसकी बाद इसकी कीमत बढ़कर 3150 रुपए हो गई है। लगातार बढ़ती कीमतों के कारण कमर्शियल गैस सिलेंडर की बिक्री में करीब 20 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की जा रही है।

जानकारों के अनुसार 1 मई को भी कमर्शियल सिलेंडर के दामों में बड़ा इजाफा किया गया था। उस समय सिलेंडर की कीमत 2115 रुपए से बढ़कर 3108 रुपए तक पहुंच गई थी। अब दूसरी बार हुई बढ़ोतरी ने कारोबारियों की चिंता और बढ़ा दी है। कीमत में बढ़ोतरी का सीधा असर छोटे होटलों, ढाबों और शादी-समारोहों पर पड़ रहा है। ऐसे में कीमतें बढ़ने से भी जुड़े लोगों को महंगे सिलेंडर खरीदने पड़ रहे हैं, जिससे आयोजन की लागत बढ़ रही है।

घरेलू गैस सप्लाई में आया सुधार

घरेलू गैस उपभोक्ताओं के लिए राहत की खबर है। पिछले कुछ महीनों की तुलना में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति व्यवस्था में सुधार हुआ है। उपभोक्ताओं को सिलेंडर बुक कराने के एक से दो दिन के भीतर डिलीवरी मिल रही है।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन | द्वितीय ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष,02-2083 | राजगढ़, दिन मंगलवार,दिनांक 02 जून 2026

न्यूज गैलरी

हादसे में बाइक सवार गंभीर, पर हंगामा

ब्यावरा। दुना रोड पर नगरी गोंड के पास अज्ञात ट्रक की टक्कर से एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार कालीपीठ निवासी 23 वर्षीय विशाल पुत्र कैलाश वर्मा बाइक से ब्यावरा की ओर आ रहा था, तभी दुना रोड पर एक अज्ञात ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घायल को अस्पताल लाए जाने के बाद ब्यावरा के दौरान सिविल अस्पताल में कुछ देर हंगामे की स्थिति भी बनी रही।

युवक पर अपहरण का केस दर्ज

ब्यावरा। देहात थाना क्षेत्र के आगरी एक नाबालिग लड़की के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ अपहरण का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, बालिका के परिजन रविवार को देहात थाना पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनकी 17 वर्ष 10 माह की पुत्री 29 मई की दोपहर करीब 1 बजे राजगढ़ बायपास चौराहे से अचानक लापता हो गई। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका।

वर्षा पूर्व नाला काई का कार्य जारी

ब्यावरा। नगर पालिका अध्यक्ष सविता कपरिया पुत्रा के घर पर नगर पालिका के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी राज सिंह सिकरवार द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों की पूर्व नालों की सफाई का कार्य कराया जा रहा नाला सफाई कार्य मैन्युअल, लेबर द्वारा कराया जा है, जिनमें शहर के विभिन्न नाले, जिनमें वर्षा न में आकस्मिक जल निकासी होती है, उन्हें मिसल के तौर पर साफ कराया जा रहा है।

सेवानिवृत्त तीन कर्मचारियों को दी भावभीनी विदाई

ब्यावरा। पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त होने वाले प्रधान उपनिरीक्षक ओमप्रकाश शर्मा, प्रधान क्षेत्र सहायक प्रकाशचंद्र एवं प्रधान आरक्षक फूल सिंह तोमर को सोमवार को पुलिस अधीक्षक हितिका झा द्वारा उनके परिजनों की उपस्थिति में सम्पूर्ण भावभीनी विदाई दी गई। अपराधिता एवं समारोह में पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के (डीएसपी मुख्यालय जगदीशप्रसाद सिरसौर, सारी निरंजना मिश्रा, एसडीओपी विवेक अग्रवाल, उ निरीक्षक पूजा उपाध्याय, नीहारा टू, उपनिरीक्षक अमित साहू, निरीक्षक विकास उपाध्याय, प्रधान निरीक्षक उपनिरीक्षक (अ) अमित नीरव सहित सभी विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सेवानिवृत्त कर्मचारियों का पुष्पगुच्छों पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। वहीं पुलिस विभाग द्वारा उन्हें स्मृतिचिह्न, शॉल, प्रशस्ति-पत्र, ले मिठाइयां पौधा भेंट कर सम्मानित किया।

मंडल आयोग द्वारा 134 वीं मन की बात सुनी

तलेन । भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात 134वें संस्करण का सजीव प्रसारण आज मंडल किसान भाईयों, युवा कार्यकर्ताओं और शिक्षकों के साथ उपस्थित रह कर सुना मनमनमोदी जी ने अंटिडा के युवा किसान हितेंद्र न का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे उन्होंने फल उत्पादन, सब्जी उत्पादन और मास्य पालन एक साथ जोड़कर आय बढ़ाने पहलकी प्रधानमंत्री मोदी जी की मन की बात सुनी।

मौसम | रामगंजमंडी-भोपाल रेलवे परियोजना 6 जून को पीएम मोदी कर सकते हैं वर्चुअल लोकार्पण,

तैयारी.घाटोली-राजगढ़ ट्रैक देखने स्पेशल ट्रेन से आए सीनियर डीसीएम

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

रामगंजमंडी-भोपाल रेलवे परियोजना के तहत घाटोली से राजगढ़ तक रेल परिचालन शुरू होने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ गया है।

गार्ड में इस खंड का विस्तृत संरक्षा निरीक्षण और अप्रैल में इलेक्ट्रिकल सुरक्षा निरीक्षण पूरा होने के बाद अब रेलवे अधिकारियों ने सोमवार को परख स्पेशल ट्रेन से ट्रैक और स्टेशन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों के अनुसार नियमित ट्रेन संचालन शुरू करने के लिए अब रनिंग स्टॉफ की तैनाती सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया बची है। सीनियर डीसीएम सौरभजैन, उप मुख्य अभियंता (निर्माण) नीरज मिश्र सहित रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी परख स्पेशल ट्रेन से राजगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंचे। इस दौरान मार्ग में कई तकनीकी और सुरक्षा संबंधी बिंदुओं का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने स्टेशन परिसर, ट्रैक, सिग्नलिंग और

ऐसे समझें.क्या होती है परख स्पेशल ट्रेन ?

रेलवे द्वारा निरीक्षण और परीक्षण के लिए चलाई जाने वाली विशेष ट्रेन।

नई रेल लाइन, स्टेशन, सिग्नलिंग और विद्युत व्यवस्थाओं की जांच के लिए उपयोग होती है। अधिकारी यात्री से सुरक्षा और परिचालन व्यवस्थाओं का परीक्षण करते हैं।

पुल, क्रॉसिंग, स्टेशन, सिग्नल और ओवरहेड बिजली लाइन की जांच की जाती है। सफल परीक्षण के बाद नियमित ट्रेन परिचालन का रास्ता साफ माना जाता है।

घाटोली–राजगढ़ खंड पर भी इसी उद्देश्य से परख स्पेशल ट्रेन चलाई गई।

अब तक क्या–क्या पूरा हुआ? मार्ग ने विस्तृत संरक्षा निरीक्षण पूरा संरक्षा निरीक्षण पूरा परख स्पेशल की ट्रैक और स्टेशन का परीक्षण स्टेशन और ट्रैक की सार्वजनिक उच्च रनिंग स्टॉफ की तैनाती परिचालन से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।

रनिंग स्टॉफ की तैनाती शेष

राजगढ़ रेलवे स्टेशन पर मीडिया से चर्चा में सीनियर डीसीएम सौरभ जैन ने बताया कि वर्तमान में घाटोली तक नियमित रेल सेवा संचालित हो रही है। अब घाटोली से राजगढ़ तक ट्रेन संचालन शुरू करना है। इसके लिए मंडल स्तर के अधिकारियों द्वारा सेफ्टी मैनेजमेंट और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया है।

उन्होंने कहा कि यदि रनिंग स्टॉफ की तैनाती समय पर हो जाती है तो इसी माह नियमित परिचालन शुरू होने की संभावना है। हालांकि अंतिम निर्णय निरीक्षण प्रक्रियाओं और तैनाती पूरी होने के बाद ही लिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि फिलहाल नियमित ट्रेन संचालन की तिथि को लेकर अधिकृत घोषणा नहीं हुई है।

पीएम कर सकते हैं ट्रेक का लोकार्पण

रेलवे सूत्रों के बीच चर्चा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 जून को घाटोली–राजगढ़ रेल खंड का वर्चुअल लोकार्पण कर सकते हैं। हालांकि अभी तक प्रधानमंत्री कार्यालय या रेलवे मंत्रालय की ओर से इस संबंध में कोई अधिकृत कार्यक्रम जारी नहीं किया गया है। इसलिए अधिकारी फिलहाल संभावनाओं से आगे कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

मां-बेटे दोपहर में नानी के घर गए थे, दो घंटे बाद लौटे तो घर में हो चुकी थी चोरी

डीआर संवाददाता ✍ गुना

शहर के कैंट थाना अंतर्गत गोविंद गार्डन लूसन बगीचा में दिनदहाड़े हुई लाखों की चोरी ने सनसनी फैला दी है। शहर में दोपहर के समय भी घर को खाली सूना नहीं छोड़ सकते अन्यथा चोरी घटना कभी भी घटित हो सकती है। गोविंद गार्डन लूसन बगीचा में रविवार को भरी दोपहर में एक सूने मकान में चोरी की वारदात लोगों ने लोक लिया कर रही है। यहां रहने वाले मां–बेटे दोपहर में अपनी नानी के घर मुलाकात गए थे और दो घंटे बाद लौटे तो घर में चोरी की वारदात हो चुकी थी।

मामले में कैंट थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। फरियादी विनायक पुत्र उमेश सिंह रघुवंशी निवासी गोविंद गार्डन लूसन बगीचा के मुताबिक 31 मई की दोपहर करीब 1.30 बजे वह अपनी मां ज्योति रघुवंशी के साथ नानी के घर मुलाकात गए थे। उनके पिताजी उमेश सिंह गांव गए हुए थे, इसलिए घर पर ताला लगा हुआ था। शाम करीब पांच बजे के आसपास बेटी मां–बेटे जब घर वापस लौटे तो गेन गेट पर ताला लटका हुआ था, लेकिन अंदर के कमरों के दरवाजे खुले हुए थे एवं अलमारी का सामान बिस्तर पर पड़ा हुआ था। वे देखकर उन्हें चोरी की भनक लगी और जब अलमारी में रखे सोने–चांदी के गहने व नगदी देखे तो सब कुछ गायब था। वहीं सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो बदमाश घर के बाहर ताक–झांक करते नजर आए, जो छत के रास्ते से घर में घुसे और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। 1 सूने घर से बदमाशों ने सोने–चांदी के गहने चोरी किए। इनमें सोने की चेन, मंगलसूत्र, हार और चांदी की पायल, चांदी के सिक्के, चांदी का थूला व अन्य गहने हैं। ज्योति रघुवंशी ने बताया कि 15 तोला सोना और 250 ग्राम के आसपास चांदी के गहने चोरी हुए हैं तथा 12 हजार रुपए नकदी थे।

बारिश में खुली नालियों व सफाई व्यवस्था की पोल

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

सोमवार दोपहर करीब दो घंटे हुई प्री मानसून बारिश ने नगर परिषद की सफाई व्यवस्था और नाली निर्माण कार्यों की पोल खोल दी। वार्ड-9 और वार्ड-14 में कुछ माह पहले बनी नालियों में पानी निकासी की व्यवस्था प्रभावी नहीं होने से पानी सड़कों पर बहने लगा। रहवासियों का आरोप है कि कई नालियों में पर्याप्त ढाल नहीं दी गई,

जिससे पानी निकासी प्रभावित हुई। मालवी चौक क्षेत्र में भी नालियों के चौक पर लगे ग्रेटिंगों के अतिक्रमण होने और कचरा जमा होने से पानी चौक से आगे के बजाए आसपास भरने लगा। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, महिला की मौत, पति व पुत्र हुए घायल

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

खालसपुर नगर से 3 किलोमीटर दूर धनोद जोड़ के समीप सोमवार दोपहर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक पर पीछे बैठी मुन्नी बाई गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि दीपक मोनिया और उनका पुत्र भी घायल हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने घायलों के तुरंत अस्पताल पहुंचाया। जांच उपचार के दौरान डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। वहीं दीपक मोनिया और उनके पुत्र का इलाज जारी है।

पीछे से आए तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक पर पीछे बैठी मुन्नी बाई गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि दीपक मोनिया और उनका पुत्र भी घायल हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। जांच उपचार के दौरान डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। वहीं दीपक मोनिया और उनके पुत्र का इलाज जारी है।

तीन माह से मानदेय नहीं, 463 संविदा स्वास्थ्यकर्मी आज से काम बंद करेंगे

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

तीन माह से मानदेय नहीं मिलने से नाराज जिले के 463 संविदा स्वास्थ्यकर्मी मंगलवार से काम बंद हड़ताल पर जाएंगे। आंदोलन में जिले भर के 205 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ), 60 स्टॉफ नर्स, 43 लैबिक एक्सपर्ट, मैनेजमेंट कैडर के अधिकारी-कर्मचारी और कंप्यूटर ऑपरेटर शामिल होंगे। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उन्हें भुगतान नहीं होगा वे आधिकार संकट की स्थिति बन गई है।

संविदा स्वास्थ्यकर्मियों के अनुसार जिले में 2700 से अधिक कर्मचारियों का वेतन नवंबर से लंबित है। काम बंद आंदोलन शुरू होने पर शासकीय सेवाओं सहित स्वास्थ्य विभाग की कई सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। सबसे अधिक असर स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्रों के संचालन पर पड़ने की संभावना है। काम बंद हड़ताल को लेकर सोमवार को संगठन के सदस्यों ने सीएमएचओ डॉ सोना पटेल को ज्ञापन सौंपा है। इसमें उन्होंने डॉ सोना पटेल को लोकायुक्त द्वारा ट्रेप किए जाने के बाद निलंबन न होने और उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं होने का मुद्दा उठाया है। इसके साथ ही उन्होंने सीएमएचओ